## एक नजर में

### मुस्लिम समाजजन ने मनाया ईद-उल-अजहा का पर्व अकीदत और उल्लास के साथ



**नागदा ( धार )** । मुस्लिम समाजजन द्वारा गुरुवार को ईद उल अजहा का पर्व अकीदत व उल्लास के साथ मनाया सभी मुस्लिम भाई ईद की नमाज के लिए ईदगाह पहुंचे जहां जामा मस्जिद इमाम जाकिर हुसैन बरकती ने ईद की नमाज नमाज अदा कराई व मुल्के हिंदुस्तान की सलामती और खुशहाली व अमन चैन की दुआ की नमाज के पूर्व मुस्लिम समाज कमेटी की ओर से सरपरस्त याकूब मंसूरी ,अब्दुल खालिक कुरैशी, सदर हमीद खान मंसूरी ने इमाम बरकाती का गुलपोशी के साथ इस्तकबाल किया मुस्लिम भाइयों ने ईद ईद उल अजहा पर एक दूसरे को गले लगाकर पर्व की मुबारकबाद दी ग्राम पलवाड़ा, नागोरा, नौगावा, कुसवादा , पिपलिया, कराडिया, कटलावदा सहित आसपास क्षेत्र में भी मुस्लिम भाइयों ने ईद की नमाज अदा की

### वीर सावरकरजी की 143वीं जयंती पर किया माल्यार्पण, भाजपा नेता नवनीत जैन किया संबोधित



**धार।** वीर सावरकर जयंती के अवसर पर गुरुवार को शहर में सावरकर मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर वीर सावरकर जयंती मनाई गई। ज्ञातव्य रहे कि 28 मई 2026 गुरुवार को वीर सावरकर के 143 वी जयंती के अवसर पर राजवा?ा चौक सेवा समिति द्वारा मोहन टॉकीज क्षेत्र में वीर सावरकर मार्केट स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रमदान करते हुए साफ-सफाई कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। समिति के अध्यक्ष भाजपा नेता नवनीत जैन ने कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र वीर विनायक दामोदर सावरकर ने देश के लिए जो यातनाएं सही, कितने दु:ख झेले है हमें उनकी पीड़ा भूलना नहीं चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिक रही है। समिति के सदस्यों ने प्रतिमा स्थल पहुंचकर श्रमदान के पश्चात सावरकर प्रतिमा को स्नान कराया गया। आयोज के मुख्य अतिथि नवनीत जैन,संजय शर्मा,दीपक बोरसी,उदय ठाकुर ने माल्यार्पण किया। आयोजन में कार्यक्रम संयोजक अमित शर्मा,सह संयोजक कन्हैया रनोज, समिति के सदस्य राकेश चौहान, अविनाश डावर, चेतन राठौर, अभिषेक मिश्रा, वीरेंद्र ठाकुर, सचिन मालवीय, मनीष चौहान सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी समिति के दीपक गहलोत ने दी।

### धार जिले के औद्योगिक क्षेत्र हातोद के आसपास विकसित हो रहा नया औद्योगिक ज़ोन

**धार।** एमपीआईडीसी द्वारा धार जिले के औद्योगिक क्षेत्र हातोद में तेजी से औद्योगिक विकास कार्य किए जा रहे हैं। लगभग 152 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित इस औद्योगिक क्षेत्र का विकास लगभग 43 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, जिससे यह क्षेत्र प्रदेश के प्रमुख उभरते औद्योगिक निवेश केंद्रों में शामिल हो रहा है। क्षेत्र में पहले से ही *Pioneer Cement ÏÍæ Amrit Papers* जैसी बड़ी औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित हैं। इसके साथ ही वर्तमान में फार्मा, फूड प्रोसेसिंग, एग्रो आधारित एवं अन्य विभिन्न उद्योग भी सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र जिससे क्षेत्र में एक मजबूत औद्योगिक इकोसिस्टम विकसित हो रहा है। औद्योगिक क्षेत्र हातोद में अब तक 53 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटित की जा चुकी है। इन इकाइयों द्वारा 750 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश तथा लगभग 500 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है। बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों को देखते हुए एमपीआईडीसी द्वारा भविष्य के विकास हेतु 150 हेक्टेयर से अधिक अतिरिक्त भूमि भी चिन्हित की गई है। औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत अधोसंरचना को और सुदृढ़ करने के लिए एमपीआईडीसी द्वारा लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से नई जल प्रदाय पाइपलाइन विकसित की जा रही है, जिससे उद्योगों को बेहतर एवं निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। ग्रीन एवं सस्टेनेबल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने की दिशा में भारत सरकार की एक प्रमुख पीएसयू कंपनी द्वारा इस क्षेत्र में लगभग 1300 करोड़ रुपये के निवेश से 70चञ्ञक्षमता का ग्रीन अमोनिया प्लांट स्थापित करने में रुचि व्यक्त की गई है। यह परियोजना क्षेत्र में ग्रीन ऊर्जा आधारित औद्योगिक विकास को नई दिशा प्रदान करेगी। औद्योगिक क्षेत्र हातोद में वर्तमान में 70 से अधिक औद्योगिक प्लॉट निवेशकों के लिए उपलब्ध हैं। प्लॉट का आकार 500 वर्गमीटर से लेकर 10,000 वर्गमीटर तक है तथा विकसित औद्योगिक भूमि अत्यंत प्रतिस्पर्धी दरों पर 100 रुपये प्रति वर्गफुट से भी कम मूल्य पर उपलब्ध है, जिससे यह क्षेत्र निवेशकों के लिए अत्यंत आकर्षक विकल्प बन गया है। विशेष रूप से गुजरात के उद्योगपतियों द्वारा इस क्षेत्र में निवेश के प्रति रुचि दिखाई जा रही है। वहीं, क्षेत्र में कुशल मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सरदारपुर आईटीआई महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिससे उद्योगों को प्रशिक्षित तकनीकी जनशक्ति आसानी से उपलब्ध हो रही है। एमपीआईडीसी का उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र हातोद को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं बहुआयामी औद्योगिक हब के रूप में विकसित करना है, जिससे प्रदेश में औद्योगिक निवेश, रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास को नई गति मिल सके।

### सावरकर जयंती पर धार में संगोष्ठी

**धार ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मेरा युवा भारत (*MY Bharat*) धार द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर राष्ट्रवादी और अद्वितीय विचारक विनायक दामोदर सावरकर (वीर सावरकर) की जयंती के अवसर पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खेल और युवा कल्याण विभाग के %आरोह 2026% समर कैंप (*SPD* ग्राउंड) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर सावरकर जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हाई कोर्ट के शासकीय अधिवक्ता श्री अंशुल राजपुरोहित का स्वागत ब्लॉक समन्वयक अनिरुद्ध चावड़ा ने किया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता श्री अंशुल राजपुरोहित ने कहा कि वीर सावरकर का पूरा जीवन मातृभूमि की सेवा और राष्ट्रवाद के लिए समर्पित था। सावरकर जी ने न केवल देश की आजादी के लिए अंडमान की सेल्युलर जेल में %काला पानी% की अमानवीय यातनाएं सहीं, बल्कि उन्होंने समाज में फैले छुआछूत और जातिवाद जैसी कुरीतियों के खिलाफ भी पुरजोर आवाज उठाई।

# गांगली धाम तीर्थ क्षेत्र हुआ भक्ति मय

▶ **हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी**



**मनावर। गंगा दशहरे के पावन पर्व के उपलक्ष्य में मनावर से 25 किलोमीटर दूर ग्राम गांगली में स्थित घाट के गंगा कुंड पर हजारों श्रद्धालु पहुंचे। कुंड में श्रद्धाभाव से स्नान कर दर्शन पूजन किया तथा स्थानीय नंदीकेश्वर मंदिर मे भगवान शिव को जल अर्पित किया।**

पुराणों में बताया गया है कि गंगा दशहरा आस्था का पर्व है यह जेष्ठ महीने की शुक्ल पक्ष दशमी को मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा राजा भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर धरती पर अवतरित हुई थी। इस दिन मां गंगा में स्नान करने से पापों की मुक्ति मिलती है। मोक्ष के द्वार खुलते हैं। पिंडदान का भी इस दिन विशेष महत्व है। गंगा नदी नहीं जीवन दाईनी है। यह पर्व हमें जल संरक्षण और नदियों की पवित्रता बनाए रखने की याद दिलाता है।

फलहार प्रसादी 30 क्विंटल खिचड़ी 15 क्विंटल पोहा पांच क्विंटल दूध की चाय का वितरण

गंगा दशहरा की पूर्व रात्रि से ही भक्तों का आना शुरू हो गया रात्रि 12 बजे से ही स्नान दान पुण्य लाभ शुरू किया गया। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। मां नर्मदा सेवा समिति ग्रामीणो के द्वारा मां गंगा भक्तों के लिए फलाहार की व्यवस्था की गई। 30 क्विंटल साबूदाने की खिचड़ी, 15 क्विंटल पोहा व 5 क्विंटल दुध की चाय बनाई गई। इस अवसर पर ठंडे जल की पर्याप्त व्यवस्था रखी गई।

### गंगा कुंड का संरक्षण की मांग

मां गंगा कुंड जिसका पुराणों में उल्लेख है। पिछले कई वर्षों से गंगा सप्तमी के दिन गंगा दशहरे के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन महाराष्ट्र, गुजरात तथा मध्य प्रदेश के कई स्थानों से गंगा भक्तगण स्नान, दान, तथा पुण्य लाभ लेते हैं। बताया जाता है कि हरिद्वार में मां गंगा में स्नान करने बराबर पुण्य गांगली गंगा कुंड में स्नान करने का प्राप्त होता है। यहां पर गंगा और नर्मदा का मिलन स्थल है। मां नर्मदा व गंगा दोनों का लाभ भक्तों को प्राप्त होता है। प्रतिवर्ष यह कुंड प्रचलित होता जा रहा है सरदार सरोवर के कारण यह डूब में है। लगभग आठ माह कुंड डूबा हुआ रहता है।

**हजारों श्रद्धालुओं को मिला पुण्य लाभ:** भक्तों को इसका स्नान लाभ प्राप्त नहीं होता ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है मध्य प्रदेश सरकार ध्यान देकर कुंड का संरक्षण करें क्योंकि प्रतिवर्ष भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है यदि इन धार्मिक संस्थाओं को नहीं बचाया गया तो श्रद्धालुओं की आस्था पर चोट होगी प्रशासन ने इसका संरक्षण करना चाहिए ताकि पूरे वर्ष श्रद्धालुओं को पुण्य प्राप्त हो।

**गांव-गांव गंगा कलश यात्राएं**-मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद अध्यक्ष मुख्यमंत्री मोहन यादव क्या वहां पर गंगा दशहरे के पावन पर्व पर जल गंगा संवर्धन व संरक्षण अभियान के अंतर्गत जल बचाने व,जल स्रोतों की साफ सफाई करने को लेकर प्रदेश भर में अभियान चलाया गया इसी के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा संपूर्ण प्रदेश में मां गंगा कलश यात्रा का आयोजन किया गया मनावर विकासखंड की प्रेंस्पुतन समितियां के द्वारा 25 गाँवो मे कलश यात्राएं निकाली गई।

**प्रशासन का सराहनीय सहयोग**-एसडीम प्रमोद गुर्जर, तहसीलदार विजय तलवारे, एसडीओपी बृजेश मालवीय, थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान, जनपद पंचायत मनावर से प्रभारी सीईओ रोहित पचौरी व समस्त पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, चौकीदार, एनडीआरएफ की टीम, जन अभियान परिषद कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत गांगली सात्तलाई, मां नर्मदा सेवा समिति, ग्रामीणजनो का सराहनीय सहयोग रहा।

**नि:शुल्क नेत्रदान शिविर**-शिव शक्ति नेत्रालय इंदौर के द्वारा डॉ.बलराम कानोटीया डॉ. विवेक सिंह के नेतृत्व में गांगली में नेत्रदान शिविर का आयोजन किया गया। शिवीर में 70 प्रतिभागियों को लाभ प्राप्त हुआ।

## जन्मों के पुण्य से मिलता है पुरुषोत्तम मास में धन के सदुपयोग का शौभाग्य

▶ **माहेश्वरी महिला मण्डल द्वारा आयोजित मां नर्मदा पुराण कथा का पांचवां दिन**



**बाग। मां नर्मदा पुराण कथा में कथावाचक सोनम मिश्रा ने भक्तों से भरें माहेश्वरी भवन के खचाखच भरे हाल में अपने मुखारविंद से कथा के प्रवाहमान में आज बताया कि मां नर्मदा पुराण में ही मां नर्मदा की परिक्रमा में आने वाले घाट-घाट की सम्पूर्ण यात्राओं का वर्णन है।**

आज पांचवें दिन की मानसिक परिक्रमा में औंकार क्षेत्र से लेकर मरकटी तीर्थ खलघाट तक की परिक्रमा यात्रा में उन्होंने विभिन्न प्राचीन व वेदों पुराणों अनुसार प्रसिद्ध घाटों का महात्म्य बताते हुए औंकार क्षेत्र में सर्वाधिक घाट व मन्दिरों के सौन्दर्यीकरण का काम दानी शिरोमणि माता अहिल्याबाई ने देश-भर में धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार के साथ औंकार क्षेत्र व मांधाता क्षेत्र में घाटों व मंदिरों के पुरातनकाल के स्वरूप में लाकर जो कार्य करवायें गये वह आज भी अपनी गाथा गा रहे हैं एवं अविस्मरणीय हैं। इसी औंकार क्षेत्र में ऐरन्डी का महत्व बताया, यहां ऐरन्डी नदी नर्मदा में मिलने से यहां प्रसिद्ध घाट बना है,इस घाट पर प्राचीन काल में भद्र व रुद्र ने यहां तपस्या की,जो सिद्ध होने पर यह क्षेत्र ऐरन्डी तीर्थ कहलाया ।इसके आगे कावेरी नदी का भी संगम नर्मदा में हुआ।

कथावाचक सोनमजी मिश्रा ने विंध्याचल पर्वत तथा औंकार पर्वत तीर्थ का महात्म्य बताया। विंध्याचल पर्वत के कारण ही यहां शिव प्रतिष्ठित हुए। कांकरिया घाट के बीच गंगेश्वरी तीर्थ,वेदा नामक नदी के नर्मदा में मिलने वाला स्थान मरकेटेश्वर तीर्थ घाट है ।विशोका नदी का नर्मदा में संगम है जो सारस्वत तीर्थ कहलाता है। स्वर्णदीप तीर्थ नावड़ीतोडा घाट में मिलने से हीरण्यगर्भा नदी का दर्शन होता है। इसी परिक्रमा मार्ग में नर्मदा की दो धार होती हैं जहां परशुराम ने ब्रह्म हत्या पाप से छुटकारा पाने के लिए तपस्या की वह बंलगांव तीर्थ कहलाता है ।इस यात्रा में खलघाट तीर्थ का भी महत्व है, यहां बखण्ड नाम की नदी मिलती है।



## सरदारपुर मे रोजगार शिविर के माध्यम से 70 युवक-युवतियों का किया चयन


**सरदारपुर।** विधायक प्रताप ग्रेवाल की पहल पर मॉ चामुण्डा इन्टरप्राइजेस द्वारा बदनावर एवं रतलाम की प्रतिष्ठित कंपनियो मे युवक-युवतियो को रोजगार प्रदान करने हेतु गुरूवार को सरदारपुर के कम्युनिटी हॉल मे रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। रोजगार शिविर मे 200 अधिक युवक-युवती शामिल हुए जिसमे से रोजगार भर्ती इन्टरव्यु मे 70 युवक-युवती रोजगार हेतु पात्र पाए गए जिन्है बदनावर एवं रतलाम की कंपनियो मे रोजगार प्रदान किया जाएगा। रोजगार शिविर मे विधायक प्रताप ग्रेवाल भी उपस्थित हुए और युवक-युवतियों से चर्चा की, विधायक प्रताप ग्रेवाल ने कहा कि बेरोजगार युवक-युवतियो को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार शिविर का लगाया गया है जिससे युवक-युवतियों को आवश्यकतानुसार रोजगार मिले।

### घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग के संदेश के साथ योग दिवस का काउंटडाउन जारी

**धार।** 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व योग दिवस के 25वें काउंटडाउन कार्यक्रम के अंतर्गत, विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर स्थल खजुराहो से इस विशेष योग सत्र की शुरुआत की गई। यह पूरा कार्यक्रम घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग की विशेष थीम पर आधारित रहा। कलेक्टर राजीव रंजन मीना के विशेष दिशा-निर्देशों के अनुपालन में, जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रमिला चौहान के कुशल मार्गदर्शन में जिले की सभी आयुष संस्थाओं में इस गरिमामयी कार्यक्रम का सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया गया।

## मुस्लिम समाज ने ईद-उल-अजहा का पर्व हर्षोल्लास से मनाया

▶ **ईदगाह सहित मस्जिदों में अदा हुई ईद की विशेष नमाज, दी एक दूसरे को मुबारकबाद**



**बाग।** मुस्लिम समाज ने ईद उल अजहा का पर्व बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया । साथ ही एक दुसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी । ईद उल अजहा के पर्व के चलते मुस्लिम वार्डों में कल सुबह से चहल पहल शुरु हो गई थी सभी अपने कुर्बानी के बंकरों को नहला कर उन्हें फूलहारों से सजा रहे थे । सुबह 7/30 बजे के लगभग नगर से दूर बाघनी नदी के पार ईदगाह में ईद की विशेष नमाज जामा मस्जिद के मौलाना हाजी हैदर बैग सहाब ने अदा कराई । नमाज से पहले अपनी तकरीर में बैग सहाब द्वारा कुरबानी का तरीका ओर उसके महत्व के बारे में बताया । इस विशेष नमाज में मुस्लिम समाज के युवा एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए नमाज के पश्चात मुल्क में अमनों अमन की दुआएं की गई। दुआ के बाद सभी समाजजनों ने एक दुसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी । उसके बाद सभी नगर के क़ब्रिस्तानों में गये ओर फातिहा पड़कर अपने मरहुमो कै हक में दुआएं की । इस तरह बड़े हर्षोल्लास के साथ इस पर्व को मनाया गया दिनभर चलता रहा कुरबानी का सिलसिला। ओर सभी अपने त्योहार में हुए मशगुल। ईदगाह सहित नगर की दो अलग अलग मस्जिदों में भी अदा हुई ईद की विशेष नमाज, बच्चों मैं भी देखा गया बड़ा उत्साह जो ईदगाह में लगी दुकानों से तरह तरह की चिजे खाकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे थे ।

### प्रशासनिक अमले का आभार माना

इस दौरान ईद की विशेष नमाज को लेकर प्रशासनिक अमला भी सक्रिय होकर ईदगाह सहित मस्जिदों में पुरी मुस्तैदी से खड़ा था । जो तमाम व्यवस्थाओं पर अपनी पैनी नजर जमाए हुए था । नगर कांग्रेस अध्यक्ष सलाम खान पठान एवं मुस्लिम समाज शहर सदर अमीन लखानी मेव जनपद सदस्य प्रतिनिधि वकार खान गोल्डी, अल्पसंख्यक के रतलाम जिला प्रभारी जाफर खान मेंव ने देश वासियों को ईद उल अजहा की मुबारकबाद देते हुए कहा की यह त्योहार कुर्बानी देने वाला हे ओर वह कुरबानी किसी भी रुप में दि जा सकती है । आप किसी की मदद कर रहे हो यह भी कुर्बानी ही है हमारे वतन में शांति सोहार्द ओर अमन चेन बना रहे ओर हमारा भाई चारा हमेशा हमेशा बना रहे बस यही दुआ करते हैं । साथ ही पुलिस महकमा एवं राजस्व विभाग का हम हृदय से आभार मानते हैं जो अपनी डिवटी के लिए समर्पित रहे ओर बड़े ही शांति के साथ नमाज अदा की गई ।

**एक नजर में** ▶ **02 आरोपी गिरफ्तार, 01 आरोपी की तलाश जारी, लूटे गए नकदी, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और फालिया किया जब्त**

## बाग पुलिस ने डेढ़ माह पूर्व हुई लूट की घटना का किया पर्दाफाश



**बाग।** डेढ़ माह पूर्व हुई लूट का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। 4 अप्रैल को फरियादी विपीन पिता विश्वनाथ चौहान उम्र 30 वर्ष निवासी नर्मदा कॉलोनी जोबट, इंदौर से मोटरसाइकिल द्वारा जोबट जा रहा था। रात्रि करीब 9:55 बजे ग्राम झाबा के पास पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात बदमाश आए एवं फरियादी पर सरिया फेंककर हमला किया, जिससे उसकी मोटरसाइकिल असंतुलित होकर गिर गई। इसके बाद बदमाशों द्वारा फरियादी के साथ सरिया, डंडा एवं फालिया से मारपीट कर उसके पास रखा ट्रॉली बैग, जिसमें नकदी 8 हजार रुपये, आवश्यक दस्तावेज एवं अन्य सामान था, लूटकर फरार हो गए।

पुलिस के अनुसार फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बाग में अपराध क्रमांक 114/2026 धारा 309(6) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक धार सचिन शर्मा द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर एवं एसडीओपी सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बाग निरीक्षक कैलाश चौहान के नेतृत्व में टीम गठित की गई। तलाशी में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि घटना में शामिल दो आरोपी बाण्दा फाटे पर खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर संदेही सरदार उर्फ लालु उर्फ कालु पिता रेजन निंगवाल एवं जगदीश उर्फ भली पिता आलम बघेल को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर उक्त लूट की घटना करना स्वीकार किया।

आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय से पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। आरोपियों के कब्जे से नगदी रुपये, घटना में प्रयुक्त फालिया एवं मोटरसाइकिल जप्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों को दिनांक 28.05.2026 को माननीय न्यायालय पेश किया जाएगा। एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश जारी है।

सरदार उर्फ लालु उर्फ कालु पिता रेजन निंगवाल, निवासी ग्राम पीपरियापानी जगदीश उर्फ भली पिता आलम बघेल, निवासी ग्राम पीपरियापानी आपराधिक रिकॉर्ड आरोपियों के विरुद्ध लूट संबंधी अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। सराहनीय कार्य

### पुलिस की लगातार चलती रही सर्चिंग से मिली सफलता

उक्त कार्यवाही में निरीक्षक कैलाश चौहान, उनि तोसिफ अली, सउनि लोकेश रायपुरिया, सउनि दशरथसिंह चौहान, सउनि कमलेश राठौड़िया, प्र.आर. भावसिंह रावत, रेलमसिंह भिंडे, सखाराम गोखले, गजेन्द्र कनेश, कैलाश गेहलोत, आरक्षक राजू चौहान, दुर्गेश, सीताराम डोडवे, कलमसिंह डुडवे, लालसिंह चौहान, मुकेश, सुरेश, अजय एवं सायबर सेल धार से उनि प्रशांत गुजाल व आरक्षक प्रशांत चौहान का विशेष योगदान रहा।